तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 22 अप्रैल 2025

9 अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के दौरे का विरोध




10 संपत्तिकर पर 31 जुलाई तक 10 प्रतिशत छूट



## खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**रोहतक।** श्री बाबा बालक पुरी धर्मार्थ औषधालय में निःशुल्क कान, नाक, गले का कैंप 23 अप्रैल को लगाया जाएगा। यह कैंप महामंडलेश्वर बाबा करणपुरी महाराज अध्यक्षता में लगाया जाएगा। शिविर का समय शाम को 5 बजे से 7 बजे तक रहेगा। श्री बाबा बालक पुरी धर्मार्थ औषधालय के मैनेजर लाला पुरी ने बताया कि इस शिविर में डॉक्टर भूषण कथरिया व उनकी टीम द्वारा जांच की जाएगी। साथ ही दवाइयां भी निःशुल्क दी जाएंगी।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। आर्य नगर थाना प्रभारी सुलेंद्र सिंह ने बताया कि जगदीश कॉलोनी निवासी दिवांशु की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 19 अप्रैल को दीवांशु अपनी मोटरसाइकिल कोर्ट परिसर के बाहर खड़ी कर चला गया। अज्ञात युवक दीवांशु की मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान 20 अप्रैल को आरोपी विपिन उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया गया है।

### लघु सचिवालय के बाहर से स्कूटी चोरी, केस

**रोहतक।** लघु सचिवालय के बाहर से एक युवक की स्कूटी चोरी हो गई। आर्य नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्रवीन कुमार ने बताया कि वह रोहतक का रहने वाला है। वह अपनी स्कूट को लघु सचिवालय के बाहर खड़ी करके चला गया। करीब 10 मिनट बाद वापिस आया तो मेरी स्कूटी नहीं मिली। इसके बाद मैंने आस-पास के लोगों से पता किया, लेकिन इसके बाद भी स्कूटी नहीं मिली। इसके बाद आर्य नगर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

### अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। आर्य नगर थाना प्रभारी सुलेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम लेबर चौक के पास गश्त पर थी। इस दौरान सूचना मिली कि गांधी कैंप निवासी युवक अपने मकान में अलग-2 मार्को की अवैध रुप से शराब रखे हुए है। पुलिस ने मकान से 17 बोतल व 12 अध्धे शराब बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी अमित के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

## विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में दिए निर्देश

# ओमेक्स सिटी दो माह में मूल राशि का भुगतान करे, नहीं तो एफआईआर : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ परिवेदना समिति को गुमराह करने वाले लोगों पर भी केस दर्ज किया जाएगा

विकास एवं पंचायत तथा भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने स्थानीय ओमेक्स सिटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित मूल राशि का दो माह में भुगतान करना सुनिश्चित करें अन्यथा ओमेक्स सिटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि ओमेक्स सिटी पर बेवजह अतिरिक्त चार्ज लगाया गया है, तो उसे वापिस करवाया जाएगा। उन्होंने स्थानीय कमला नगर निवासी प्रदीप कुमार की अनुपस्थिति व आपसी समझौते के संदर्भ में कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा इस मामले की जांच की जाए और यदि शिकायतकर्ता ने समिति को गुमराह किया है तो उनके खिलाफ धारा 182 के तहत कार्रवाई की जाए। कृष्ण लाल पंवार स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस समिति की बैठक में 13 शिकायतें रखी गई थी, जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया तथा अन्य 6 शिकायतों के संदर्भ में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। विकास एवं पंचायत मंत्री ने शिकायतकर्ता यशवीर आदि की शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि ओमेक्स सिटी द्वारा लंबित बिजली बिल की राशि, 33 केवी सब स्टेशन पावर हाउस आदि के कार्य के लंबित राशि का दो माह में भुगतान करवाया जाए। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा ओमेक्स में रह रहे नागरिकों को लंबित राशि का भुगतान करने पर व्यक्तिगत बिजली मीटर जारी करने बारे कहा गया है। ओमेक्स द्वारा 72 लाख रुपए से अधिक लंबित बिजली बिल का भुगतान करना है तथा 5 करोड़ रुपए से अधिक की राशि बैंक गारंटी के तौर पर जमा करवानी है। ओमेक्स सिटी द्वारा भूमि का मालिकाना हक ट्रांसफर कर दिया गया है। इस अवसर पर स्थानीय विधायक भारत भूषण बत्तरा, कलानौर की विधायक शकुंतला खटक, महापौर रामअवतार वाल्मीकि, नगर निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, उपमंडलाधीश उत्सव आनंद एवं दलबीर फोगाट, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी व पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।



**रोहतक।** परिवेदना समिति की बैठक में शिकायतें सुनते पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार व अन्य अधिकारी।



**रोहतक।** बैठक में शिकायत रखता एक शहरी।

### अध्यापक सुनील निलंबित

कृष्ण लाल पंवार ने स्थानीय कैलाश कॉलोनी निवासी सुनीता शर्मा की शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि मामले की जांच पड़ताल के उपरांत आरोपी अध्यापक सुनील पुत्र रामचंद्र को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है तथा गलत जाति के प्रमाण पत्र के आधार पर प्राप्त किए गए जेबीटी डिप्लोमा को रद्द करने के लिए एनसीईआरटी को लिखा गया है। उन्होंने खेड़ी सांपला निवासी आनंद कुमार की शिकायत की सुनवाई करते हुए शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति के संदर्भ में पुलिस अधीक्षक से कहा कि शिकायतकर्ता की तलाश करें। शिकायतकर्ता द्वारा लोक निर्माण विभाग की सड़क पर अवैध कब्जे बारे शिकायत दी थी, जिससे विभाग के कार्यकारी अभियंता ने कहा कि यह कब्जा निजी भूमि पर है।

### ईंटों की गुणवत्ता की जांच होगी

विकास एवं पंचायत मंत्री ने गांव गुढान निवासी सुरेश की शिकायत के संदर्भ में अतिरिक्त उपायुक्त तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी से कहा कि वे खेतों के कच्चे रास्ते को पक्का करने में प्रयुक्त की गई ईटों की गुणवत्ता की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा ईटों के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाए गए है। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृष्ण लाल पंवार ने महम के वार्ड नंबर 4 निवासी ज्ञानों देवी की शिकायत की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक को स्वयं इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा तथा सभी के साथ पूरा न्याय होगा। उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति के अध्यक्ष तथा विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का अभिभावदन करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हर नागरिक की शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को सुविधा देना सरकार की प्राथमितता है। शिकायतों के समाधान के लिए सरकार हर स्तर पर प्रयास कर रही है। इसके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे है।

### इनको मिलेगा मालिकाना हक

उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र में 20 वर्ष से अधिक से शामलात भूमि पर मकान बनाकर रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देने का निर्णय लिया गया है। यदि ऐसे मकान 500 वर्ग गज भूमि में गत 20 वर्ष से बने है तथा इन मकानों का निर्माण तालाब या रास्ते की भूमि पर न किया गया हो। उन्होंने कहा कि ऐसे मकानों को निर्धारित कलेक्टर रेट जमा करवाकर नियमित करने की शक्तियां विभाग के महानिदेशक को सौंपी गई है। उन्होंने गिरावड़ निवासी सुनील कुमार की पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि वे संबंधित कब्जा धारकों की रिपोर्ट मुख्यालय भिजवाएं। इन सभी व्यक्तियों ने मालिकाना हक के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यालय द्वारा निर्णय लेने तक इनके खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाए।

### रिठाल में कब्जों पर रिपोर्ट तलब

रिठाल नरवाल ग्राम पंचायत के सरपंच की नाजायज कब्जे हटवाने के बारे में शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गांव का दौरा कर वास्तविक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गिनीज बुक में दर्ज होगा वक्फ संशोधन विधेयक : पंवार

पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वक्फ संशोधन विधेयक पर सुबह 4:29 बजे तक जवाब दिया, जो गिनीज बुक में दर्ज होगा। उन्होंने कहा इतना लंबा जवाब आज तक न तो लोकसभा में दिया गया और न ही कभी राज्यसभा में दिया गया। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वक्फ बोर्ड की जमीन को बड़े मगरमच्छ हड़प जाते थे। अब इस संशोधन विधेयक के बाद हम उनसे निजात पा लेंगे। गरीबों को उनका हक मिलेगा। वक्फ संशोधन विधेयक के बाद जिसका हक है, उसे हक दिया जाएगा। वक्फ की जमीनों पर अवैध कब्जे हटाए जाएंगे। विधेयक गिनीज बुक में दर्ज होगा। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पश्चिम बंगाल के हालातों पर केंद्र सरकार व गृह मंत्रालय की नजर है। इस मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता लगातार बंगाल का दौरा कर रहे है। उन्होंने कहा कांग्रेस अभी सदमे में है और सदमे से बाहर नहीं निकल रही।

# डीएलएफ कॉलोनी में शरारती तत्वों का उत्पात, तोड़े कई गाड़ियों के शीशे

■ वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद ■ आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

करीब एक वर्ष पहले मॉडल टाउन, ओमेक्स सिटी व सेक्टर-दो में कारों के शीशे तोड़ स्टीरियो चोरी के मामले के बाद शरारती तत्वों ने एक बार फिर उन्हीं वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया है। रविवार देर रात डीएलएफ कॉलोनी के लोगों को घरों के बाहर व सड़क किनारे खड़ी तीन गाड़ियों के शीशे टूटे मिले। शरारती तत्वों ने देर रात इस घटना को अंजाम दिया। सुबह लोग जब उठे तो उन्हें इसका पता चला। संदिग्ध युवक सीसीटीवी में कैद हो गए। पुलिस ने मौके पर जांच के बाद फुटेज को कब्जे में लिया। पुलिस संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। कार मालिकों का कहना है कि उनकी गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी, जिसका शीशा शरारती तत्वों ने डंडे व पत्थर मारकर तोड़ा है। युवक रात भर शहर की गलियों में घूमकर ऐसी शरारत करते हैं।






### घरों के बाहर खड़ी गाड़ियां निशाने पर

कार मलिक अनिल कुमार पारुथी ने बताया कि उनकी कार रात को रोज घर के बाहर खड़ी होती है। सुबह उठकर देखा तो गाड़ी के शीशे टूटे हुए थे। अंदर से सामान तो कोई गायब नहीं हुआ। कॉलोनी में 3 से 5 गाड़ियों के शीशे एकसाथ तोड़े गए है। इससे पहले में कॉलोनी में गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए गए थे। हालांकि घर पर लगे सीसीटीवी में सभी फोटो आ गई है।

### शहर में कई पॉश कॉलानियों में हो चुकी वारदातें

बता दें कि करीब एक साल पहले मॉडल टाउन, सेक्टर-दो और ओमेक्स सिटी में खड़ी कारों को निशाना बनाया गया था। यहां लगातार दो दिन तक कारों की विंडो तोड़ स्टीरियो चोरी कर लिए थे। बोनट उठाकर बैटरियां भी चोरी की गई थी। अब नए मामले ने एक बार फिर पुलिस की सिरदर्दी बढ़ा दी है। वहीं इस घटना के बाद लोगों में रोष फैल गया है। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

# 137 किलो डोडा पोस्त सहित दो गिरफ्तार

■ पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया

**रोहतक।** एसपी नरेंद्र बिजारणिया के दिशा-निर्देशो अनुसार पुलिस की एएनसी स्टाफ की टीम ने नशीले पदार्थो की अवैध तस्करी करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गाड़ी सवार दो युवकों को नशीले पदार्थो सहित काबू किया है। आरोपियों से 137 किलो 460 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। एएनसी स्टाफ प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि गांव भाली आनंदपुर शुगर मील भिवानी रोड के पास गश्त में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस ने एक सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आउटर बाईपास नजदीक गांव डोभ में माड़ौदी सड़क पर निर्माणाधीन फ्लाई ओवर के पास नाकाबंदी करते हुए वाहनों की चैकिंग करनी शुरु की। सांपला की तरफ से आ रही गाड़ी में सवार युवकों को रोकने का इशारा किया गया। युवक पुलिस टीम देखकर गाड़ी को वापिस मोड़ने लगे। पुलिस टीम ने गाड़ी का शीशा तोड़कर युवक को काबू किया गया। युवकों की पहचान एकप्रीत निवासी किला पट्टी हांडीया जिला बरनाला पंजाब व गुरप्रीत निवासी झनेरी जिला संगरुर पंजाब के रुप में हुई। गाड़ी से 9 प्लास्टिक के कट्टे जिनसे कुल 137 किलो 460 ग्राम डोडा पोस्त के बरामद हुआ।

# पीजीआई की ओपीडी में अब मरीजों को 30 दिन की दवाई मिलेगी : मित्तल

■ पहले तीन दिन की मिलती थी ■ दूर-दराज के मरीजों को राहत

**रोहतक।** यदि आप हरियाणा के आसपास के किसी राज्य से या पीजीआईएमएस रोहतक से सैकडों किलोमीटर दूर से भी पीजीआईएमएस में इलाज करवाने आ रहे हैं तो यह खबर आपके लिए हो सकती है। मरीजों के हितों को देखते हुए पीजीआईएमएस चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने चैधरी रणबीर सिंह ओपीडी में आने वाले मरीजों के हितों को देखते हुए 3 दिन की जगह 30 दिन की दवाइयां प्रदान करवाने का निर्णय लिया है। डॉक्टर कुंदन मित्तल ने कहा कि मरीजों के हितों में यह सुविधा शुरू करने का श्रेय वें कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल व निदेशक डॉ. एसके सिंघल को देते हैं। जिन्होंने मरीजों के हितों को देखते हुए यह निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शन दिया। उनका उद्देश्य मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है और इस निर्णय से मरीजों को काफी राहत मिलेगी।



### मरीजों की सुविधा के लिए व्यवस्था में बदलाव किया

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने बताया कि पीजीआईएमएस रोहतक में पंजाब, यूपी, दिल्ली, राजस्थान, चंडीगढ, सिरसा, डबवाली, अंबाला, पंचकुला, महेंद्रगढ, कैथल सहित सैकडों किलोमीटर दूर दराज के क्षेत्रों से मरीज इलाज करवाने के लिए आते हैं। ऐसे में अक्सर यह देखने में आता था कि ओपीडी में चिकित्सक द्वारा एक माह की दवाई लिखने पर भी मरीज को सिर्फ तीन चार दिन की दवाई मिलती थी। इस पर अधिकारियों के आदेश पर यह व्यवस्था बदलने का निर्णय लिया गया। डॉ. कुंदन मित्तल ने बताया कि इस निर्णय से मरीजों को कई फायदे होंगे। उन्हें अब बार-बार अस्पताल आने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे उनके समय और पैसे की बचत होगी। इसके अलावा, दवाई की उपलब्धता में भी वृद्धि होगी, जिससे मरीजों को अपनी दवाएं समय पर मिल सकेंगी।

## कई पार्षदों ने भेजे मेयर को एजेंडे, पेयजल, सीवरेज व सड़कों की मरम्मत के मुद्दे छाए रहेंगे

# मेयर और पार्षदों की प्रशासन के साथ मीटिंग आज, शहर के विकास का खाका तैयार होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा करेंगे अध्यक्षता, अन्य अधिकारी भी रहेंगे मौजूद

नगर निगम के मेयर रामअवतार वाल्मीकि और 22 वार्डों के पार्षदों की मंगलवार को जिला प्रशासन के साथ मीटिंग होगी। जिसकी अध्यक्षता डीसी धीरेंद्र खड़गटा करेंगे। सोमवार को भी कई पार्षदों ने अपने एजेंडे मेयर रामअवतार वाल्मीकि को भेजे, जिन पर मीटिंग में चर्चा होगी। हालांकि सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की है, जिसे लेकर पार्षद अधिकारियों से सवाल जवाब करेंगे। पार्षद मुक्ता नागपाल ने बताया कि उनके वार्ड में बरसात से पहले सीवर लाइन की सफाई होनी चाहिए। इसके अलावा सफाई पर्याप्त ढंग से नहीं हो पा रही। जहां सड़कें टूटी हुई हैं, उनका निर्माण करवाया जाएगा।

### डंपिंग जोन का मामला उठेगा

ओल्ड आईटीआई में कूड़े के लिए बनाए गए डंपिंग जोन का समाधान करवाया जाएगा। पार्कों का नवीनीकरण किया जाए। ये समस्याएं प्रशासन के सामने रखी जाएंगी। पार्षद कंचन खुराना ने बताया कि भारतीय पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा नगर निगम वार्ड नंबर झंग कॉलोनी, मानसरोवर कॉलोनी व मॉडल टाउन में घर-घर पाइप लाइन से एलपीजी गैस पहुंचाने के लिए पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। इसके दूरगामी परिणाम भले ही सुविधा देने वाले हों लेकिन वर्तमान में लोगों के लिए मुसीबत बन गए हैं। कंपनी ने नगर निगम से किए गए करार की धज्जियां उड़ाई हुई हैं।

### सफाई व्यवस्था से पार्षद नाखुश





पार्षद मुक्ता नागपाल व पार्षद कंचन खुराना ने सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि वार्ड में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। सोनीपत रोड पर, सोनीपत रोड पर वॉटर टैंक की दीवार के साथ, दिल्ली रोड पर पर राज सिनेमा के साथ, झंग कॉलोनी में नर्सरी पार्क के साथ कूड़े के अवैध डंपिंग पाइंट बने हुए हैं। कर्मचारियों की कमी के कारण कई-कई दिनों तक सफाई नहीं होती। घर-घर से कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां पुरानी हो चुकी है, जो अक्सर खराब रहती है।

### यहां सड़क निर्माण अधूरा

गांधी में रेलवे ट्रैक का निर्माण करवाकर 6 फाटक समाप्त हुए और जनता को जाम से मुक्ति मिली। ऐलिवेटेड रेलवे ट्रैक के दोनों और सड़क का निर्माण किया जाना था। ट्रैक चालू होने के 6 वर्ष बाद राजीव गांधी खेल परिसर से डबल फाटक तक सड़क का निर्माण शुरू हो गया है। ट्रैक के दूसरी तरफ दिल्ली रोड से साई मंदिर तक सड़क निर्माण के लिए नगर निगम ने 4 वर्ष पूर्व टेंडर कर दिये थे, लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हो पाया। अंडरपास का काम भी अधूरा है। श्रीनगर कॉलोनी व न्यू चिन्योट कॉलोनी जाने के लिए कोई सीधा रास्ता नहीं है। पुरानी पुलिस चौकी से लेकर न्यू चिन्योट कॉलोनी तक गंदगी फैली है। अंडरपास के नीचे हमेशा पानी भरा रहता है। ट्रैक के साथ लगती कॉलोनियों की 20 हजार की आबादी नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। अंडरपास का निर्माण करवाया जाए। अंडरपास के नीचे पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए।

### सीवर व पानी की लाइन क्षतिग्रस्त

वार्ड 14 में मनमाने तरीके से मशीन द्वारा सड़कों की खुदाई की जा रही है। जिससे क्षेत्र की पानी व सीवरेज की लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। ठेकेदार ने खुदाई से पहले जन-स्वास्थ्य विभाग से पेयजल व सीवरेज लाइनों की स्थिति की जानकारी नहीं ली। पेयजल की लाइनें क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्र में पानी की सप्लाई ठप हो गई है। सीवरेज ओवरफ्लो कर रहे हैं। भीषण गर्मी में लोग पानी की बूंद बूंद के लिए तरस गए हैं। नगर निगम व जन-स्वास्थ्य विभाग में तालमेल नहीं है। अधिकारी एक दूसरे पर आरोप लगाते रहते हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं करते। कंपनी ने नगर निगम में वार्ड नं 14 के लिए 2 करोड़ रुपए जमा करवाए हुए हैं। नगर निगम व कंपनी में समझौते के अनुसार कंपनी को 72 घंटे में क्षतिग्रस्त लाइनें ठीक करनी है व सड़कों का निर्माण करना है, लेकिन 30 दिन बाद भी जगह-जगह गड्ढे छोड़े हुए हैं। इस राशि से क्षतिग्रस्त पेयजल व सीवरेज की लाइनों को बदला जाए और टूटी सड़कों का पुनर्निर्माण करवाया जाए।

# डीएलएफ में कार चालक ने स्कूटी पर सवार युवक को टक्कर मारी

**रोहतक।** डीएलएफ कॉलोनी निवासी स्कूटी सवार युवक को देर रात तेज रफ्तार कार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद आसपास के लोग एकत्रित हो गए और युवक को उपचार के लिए पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया। जहां युवक का उपचार चल रहा है। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंची और घायल की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की। घायल जसप्रीत सिंह ने बताया कि वह देर रात करीब 11:30 बजे के आसपास स्कूटी पर डीएलएफ कॉलोनी की 60 फुट चौड़ी सड़क के किनारे खड़ा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार आई और उसे सीधी टक्कर मार दी। हादसे में उसे काफी चोट लगी है, जिसके कारण पीजीआई में उपचार चल रहा है। घायल जसप्रीत सिंह ने बताया कि तेज रफ्तार कार ने पहले सड़क किनारे खड़ी एक एमजी हेक्टर गाड़ी को टक्कर मारी, जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर उसकी स्कूटी में सीधी टक्कर मारते हुए आगे निकली और एक अन्य गाड़ी टाटा पंच को टक्कर मारी। लोगों ने हादसे के दौरान ही कार चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।




### कार चालक गिरफ्तार

सड़क हादसे की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर गई और आरोपी कार ड्राइवर को हिरासत में लिया। पुलिस ने मामले में घायल जसप्रीत व क्षतिग्रस्त हुई कार के मालिकों की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

- कुलदीप, एसआई, आर्य नगर



विशेष : पृथ्वी दिवस

आज धरती का अस्तित्व खतरे में है। प्रदूषित पर्यावरण और ग्लोबल वार्मिंग हमारी धरती के सामने बहुत बड़े संकट बनकर खड़े हैं। इस समस्या को वही गहराई से समझ सकता है, जो संवेदनशील है। ऐसी संवेदनशीलता महिलाओं में ही दिखती है। धरती हरी-भरी रहे, संरक्षित रहे, इसके लिए महिलाएं निरंतर एक प्रतिबद्धता के साथ काम भी कर रही हैं। दुनिया भर के पर्यावरणविद भी इस बात को स्वीकारते हैं कि हमारे पर्यावरण को सरकारें नहीं, महिलाएं ही बचा सकती हैं। पृथ्वी के संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी पर एक जरूरी विमर्श।

# महिलाओं के ही हाथ सुरक्षित है धरती

आवरण कथा
संध्या सिंह

पृथ्वी केवल एक ग्रह ही नहीं है, हम पृथ्वी को धरती मां भी कहते हैं। ठीक उसी तरह जैसे स्त्री केवल एक इंसान भर नहीं है, वह मां भी है। धरती और स्त्री दोनों में बहुत-सी समानताएं हैं, दोनों ही जीवन देती हैं, दोनों ही जीवन को पालती हैं, वह भी बिना किसी स्वार्थ के उसे सहेजती भी हैं। इसलिए जब हम पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) मनाते हैं, तो दिलो-दिमाग में यह आना स्वाभाविक है कि धरती को बचाने की सबसे मजबूत आशा महिलाओं से ही की जाती है। विशेषकर उन महिलाओं की ओर हमें देखना होगा, जो मिट्टी से जुड़ी हैं, जंगल को जानती-समझती हैं, जल संरक्षण करती हैं, जिनके कंधों पर सदियों से कृषि का भार रहा है। ये सब महिलाएं हैं, जिन्हें चाहे कोई कहे या न कहे, ये पर्यावरण की स्वतः रक्षक हैं। इसलिए दुनिया को धरती बचाने की मुहिम में महिलाओं को कारगर भूमिका में लाना चाहिए, तभी धरती के बचने की उम्मीद की जा सकती है।

**पृथ्वी-स्त्री दोनों हैं जन्मदायिनी शक्तियां:** प्रकृति को भी भारतीय परंपरा में धरित्री, वसुधा और भूमाता कहा जाता है, क्योंकि स्त्री की तरह पृथ्वी या धरती भी जननी है। दोनों ही जीवन की संरचना और निरंतरता का आधार हैं। दोनों ही सृजन करती हैं,



एक धरती को हरा-भरा करती है, दूसरी कोख को। दोनों का मूल स्वभाव सहनशीलता और पुनर्निर्माण है, क्योंकि दोनों में संवेदना है। यह अकारण नहीं है कि गांव की लाखों महिलाएं, जो रोज जंगल से लकड़ियां बीन कर लाती हैं, कुएं-पोखरों से पानी भरती हैं, वे कुदरत से बिना कुछ चाहे खुशी-खुशी स्वयंसेवकों की तरह रक्षा करती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो समय-समय पर जंगलों की रक्षा के लिए सैनिकों की तरह आगे बढ़कर आई हैं। महिलाएं ही हैं, जो खेतों में जैविक खाद डालती हैं, पेड़ों को कटने से बचाती हैं, क्योंकि उन्हें पता है पेड़ नहीं होंगे तो बारिश नहीं होगी। पूरी दुनिया में अब तक जितने भी जंगल बचाने के लिए आंदोलन हुए हैं, हमेशा इन आंदोलनों में महिलाओं ने न सिर्फ बढ़-चढ़ कर हिस्सेदारी की है बल्कि पहली कतार में वही रही हैं।



**क्या कहते हैं शोध:** संयुक्त राष्ट्र संघ की शोध रिपोर्ट बताती है कि जिन देशों में पर्यावरणीय नीतियों में महिलाओं की भागीदारी होती है, वहां वनों की कटाई, जल प्रदूषण और जैव विविधता पर सकारात्मक असर देखने को मिलता है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र दुनिया की सभी सरकारों से कहता है कि वो महिलाओं को स्वच्छ ऊर्जा तकनीक, वनीकरण और स्थाई खेती से जोड़ें। क्योंकि महिलाएं जलवायु परिवर्तन की लड़ाई में निर्णायक रूप से भूमिका निभाती हैं। दरअसल, जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो वे न सिर्फ आर्थिक रूप से बल्कि शैक्षिक रूप से भी निर्णय लेने की क्षमता रखती हैं। देखा गया है कि महिलाएं हमेशा पर्यावरण के प्रति अनुकूल भाव रखती हैं, वे हमेशा हरित विकल्पों को तरजीह देती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो दुनिया में 90 फीसदी जल संग्रह करती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो जैविक बागवानी का बोझ अपने कंधों पर उठाए हुए हैं। स्थानीय स्तर पर शुद्ध बीजों की सुरक्षा महिलाओं की बदौलत ही हो पा रही है।

**धरती और स्त्री दोनों शोषित:** शायद इसलिए भी धरती के बोझ का दुख महिलाएं ज्यादा संवेदनशीलता से समझती हैं, क्योंकि धरती की तरह ही वे भी शोषित हैं। महिलाओं को समाज में अकसर निचले स्तर के कामों तक सीमित रखा जाता है। शिक्षा से वंचित और निर्णय लेने के मामले में उन्हें बाहर रखा जाता है, इसलिए दुनिया में कई तरह की अव्यवस्थाएं हैं, कई तरह की आक्रामकताएं हैं, क्योंकि नीतिगत निर्णय के मामले में महिलाओं को पुरुषों ने जान-बूझकर पीछे रखा है। वक्त आ गया है कि अब इस अन्याय को सुधारा जाए और धरती और स्त्री दोनों को ही सम्मान मिले, दोनों को ही अपनी-अपनी संवेदनशीलता के लिए आवाज मिले, क्योंकि धरती का दुख महिलाएं ही बेहतर जानती हैं। इसलिए महिलाओं के हाथ में ही धरती की सुरक्षा का भार सौंपना अक्लमंदी है।

**धरती का अंधाधुंध दोहन नहीं करतीं महिलाएं:** महिलाओं के हाथों में धरती को इसलिए सुरक्षित माना गया है, क्योंकि वो अंधाधुंध दोहन के दर्शन को नहीं मानतीं, वे मिलकर जीने के सिद्धांत की समर्थक होती हैं। महिलाएं कभी भी पर्यावरण को उस तरह हृदयहीनता से नुकसान नहीं पहुंचातीं, जैसे आमतौर पर धरती को पुरुष नुकसान पहुंचाते हैं। महिलाएं शांति पसंद होती हैं, वे पर्यावरण के साथ बेरहमी से पेश नहीं आतीं, इसलिए वक्त आ गया है कि धरती के सामने जो सवालिया निशान लगा है, उस निशान को हटाने के लिए यह भूमिका महिलाओं की दी जानी चाहिए।


### पर्यावरण संरक्षक

**महिलाएं जन्मजात** पर्यावरण संरक्षक होती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो भारत के गांवों में जलस्रोतों की देखभाल करती हैं, पूरे देश में जैविक खाद तैयार करती हैं, बीजों को सहेजती हैं। जंगल, चारागाह, तालाब ऐसी विरासतें हैं, जिनकी देख-रेख आज भी महिलाओं के कंधों पर ही टिकी है, क्योंकि इनके प्रति उनका बेहद संवेदनशील रवैया है। ये महिलाओं का स्वभाव ही है, जो उन्हें पर्यावरणीय फैसलों का स्वाभाविक अगुवा बना देता है। यह सिर्फ अपने देश तक ही सीमित नहीं है, संयुक्त राष्ट्र संघ भी इस बात की तस्दीक करता है कि धरती के प्रति सबसे ज्यादा संवेदनशीलता अगर कोई रखता है तो वे महिलाएं हैं। साल 1973 में जब भारत में चिपको आंदोलन हुआ था तो ये महिलाएं ही थीं, जो पेड़ों से चिपक जाती थीं। लकड़हारों से कहती थीं, 'अगर पेड़ काटना है, तो पहले हमें काटो।' महिलाओं ने पेड़ों के लिए खुद को दांव पर इसलिए लगाया, क्योंकि वे जानती हैं कि पेड़ नहीं होंगे तो हवा जहरीली हो जाएगी। शायद इसीलिए दुनियाभर के पर्यावरणविद कहते हैं, 'दुनिया के पर्यावरण को सरकारें नहीं बचा सकती, उन्हें सिर्फ महिलाएं ही बचा सकती हैं।'



विशेषः विश्व पुस्तक दिवस, 23 अप्रैल

# किताबें सिखाती हैं जीना



इस नए दौर में अधिकांश लोग हाथों में मोबाइल लिए सोशल मीडिया की दुनिया में खोए रहते हैं। किताबें पढ़ने की हमारी आदत खत्म होती जा रही है, जबकि किताबें हमारी सबसे भरोसेमंद दोस्त होती हैं, जीने की सही राह दिखाती हैं, जो जिंदगी की खुशहाली के लिए जरूरी है।

सलाह
सरस्वती रमेश

भावना बहुत अच्छी जॉब में थी, लेकिन एक एक्सीडेंट के चलते उसे अपना बायां पैर खोना पड़ा, जॉब छोड़नी पड़ गई। चलने से मजूबर भावना घर के एक कमरे में सिमट कर रह गई। पति ऑफिस चले जाते, बच्चे स्कूल। घर में बस वह अकेली बचती। उसे टीस होती कि अपने खोए पैर के कारण अब वह जीवन में कुछ नहीं कर पाएगी। धीरे-धीरे वह बहुत परेशान रहने लगी, चिड़चिड़ी हो गई। अपनी स्थिति के बारे में लगातार सोचने से वह मानसिक रूप से बीमार रहने लगी। उसका किसी काम में मन नहीं लगता था। तभी एक दिन भावना की सहेली ने उसे एक किताब गिफ्ट की। यह किसी दिव्यांग महिला की ऑटोबायोग्राफी थी कि उसने कैसे अपना जीवन संवारा और आत्मनिर्भर बनी। किताब को पढ़ते ही भावना के भीतर नई आशाएं जागीं। फिर क्या था, भावना ने किताबों से दोस्ती कर ली। हर हफ्ते एक नई किताब पढ़ती। इन्हें पढ़ने से उसे नई दृष्टि मिली। वह अपने आपको ऊर्जावान महसूस करती। साल भर बाद उसने महसूस किया कि किताबें पढ़-पढ़ कर वह इतना कुछ जान-समझ चुकी है कि उसे अपनी विकलांगता से कोई शिकायत नहीं रही। उसने अपनी लाइफ नए सिरे से प्लान की, भविष्य की सुनहरी राह बनाई। अब वह आत्मनिर्भर है, दूसरों के लिए एक मिसाल है।



**हर किसी को पढ़नी चाहिए किताब:** किताबें हम सबकी सच्ची दोस्त होती हैं। क्योंकि किताबें हमारा अकेलापन छांटती हैं, जीने का सलीका सिखाती हैं। जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता दिखाती हैं। मुश्किलों से उबरने की तरकीब भी बताती हैं। हमारा आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। किताबें पढ़कर हम हर तरह का ज्ञान अर्जित करते हैं, बौद्धिक रूप से समृद्ध होते हैं। किताबें महिलाओं के सशक्तीकरण की राह बनाती हैं।

**पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती:** कुछ लोगों को यह कहते हुए सुना जाता है कि अब हमारी पढ़ने की उम्र नहीं रही। बुढ़ापे में पढ़कर क्या होगा? ऐसे लोगों को केरल की भागीरथी अम्मा से सबक लेना चाहिए, जो अब इस दुनिया में नहीं रहीं। उनको किताबें पढ़ने का जुनून था, इसलिए उन्होंने 105 साल की उम्र में चौथी क्लास की परीक्षा दी और पास हुईं। किताबें पढ़ने की अपनी इच्छा उन्होंने पूरी की। इसी तरह महाराष्ट्र के बारामती की रहने वालीं बेबी गुरव को परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण बचपन में ही अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी थी। सालों बाद जब उनका बेटा दसवीं में पहुंचा तो बेबी ने भी बेटे के साथ ही दसवीं की परीक्षाएं दीं और और पास भी हुईं। अब वह जमकर अपनी मनपसंद किताबें पढ़ती हैं, ज्ञान बढ़ाती हैं। ये कहानियां हमें बताती हैं कि पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती। उसके लिए सिर्फ हमें किताबों से प्रेम करना आना चाहिए।

**तन्हाई की सबसे भरोसेमंद साथी:** माता-पिता की जिंदगी में एक ऐसा समय आता है, जब उनके बच्चे पढ़ने या जॉब करने के लिए घर से दूर चले जाते हैं। शादी के बाद अपनी दुनिया में व्यस्त हो जाते हैं। ऐसे में अकेले रह रहे माता-पिता के लिए किताबें अच्छी दोस्त साबित होती हैं। मन को शांत, एकाग्र और स्वस्थ रखने में किताबें इनकी मदद करती हैं।

**उम्र बढ़ाती हैं किताबें:** किताबें हमारे दिमाग को स्वस्थ और संतुलित रखने में मददगार होती हैं। शोध बताते हैं, नियमित रूप से किताबें पढ़ने से ब्लड प्रेशर सही रहता है। चूंकि किताबें हमारा मनोरंजन करती हैं, इसलिए इनसे तनाव कम होता है। शोध तो यहां तक कहते हैं कि किताबें पढ़ने से उम्र लंबी होती है।

**बदलती है समाज की सोच:** किताबें पढ़कर हम उन्नत विचारों को ग्रहण करते हैं, रूढ़िगत परंपराओं से बाहर आते हैं। किताबें परिवार-समाज को विचारों से प्रगतिशील बनाती हैं। इस तरह किताबें समाज में एक अच्छा बदलाव लाती हैं। इसलिए अपना और दूसरों का भी जीवन बदलने के लिए अधिक से अधिक किताबें पढ़ें।

इंटीरियर
अनु आर.

घर की दीवारों को सजाने के लिए पेंट या वॉल पेपर का चयन करना थोड़ा मुश्किल होता है। दरअसल, दोनों के अपने-अपने प्लस और माइनस प्वाइंट्स होते हैं। इसलिए अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार आप किसी का भी चुनाव कर सकती हैं।

# चुनें वही जो हो पसंद वॉल पेपर या पेंट



आमतौर पर जब बात घर और ऑफिस के इंटीरियर की आती है तो लोग वॉल पेंट को प्रमुखता देते हैं। इसमें कई स्टाइल, डिजाइन, पैटर्न से घर की दीवारों को सजाने के ऑप्शंस होते हैं। हालांकि पेंट और वॉल पेपर दोनों ही घर के इंटीरियर में अलग-अलग तरह के बदलाव लाते हैं। लेकिन दोनों के ही अपने-अपने फायदे और नुकसान होते हैं। आप इनमें से किसका चयन करना चाहती हैं, यह आपकी पसंद और जरूरत पर निर्भर करता है। इन दोनों में से कौन-सा ज्यादा अच्छा होता है, इसके बारे में अलग-अलग राय हो सकती है।

**वॉल पेपर की क्वालिटीज:** वॉल पेपर लोगों द्वारा इसलिए कम पसंद किए जाते हैं, क्योंकि इसे एक बार लगाने के बाद इसे हटाने का प्रोसेस थोड़ा मुश्किल होता है और इसके लिए प्रोफेशनल की मदद लेनी पड़ती है। उसकी तुलना में पेंट करवाना लोगों को ज्यादा सरल लगता है। वॉल पेपर किसी भी कमरे के एस्थेटिक्स में एक नया बदलाव ले आते हैं। जबकि पेंट में उतनी वैरायटी उपलब्ध नहीं होती। हालांकि वॉल पेपर्स हर घर के लिए उपयुक्त साबित नहीं होते। जिन घरों में बच्चे छोटे होते हैं और जहां पेट्स होते हैं, वहां वॉल पेपर जल्द खराब होने का डर रहता है। इसके अलावा जिन घरों की दीवारों में सीलन ज्यादा होती है, सीलन के कारण वॉल पेपर की शेप खराब हो जाती है और ये फूल जाती हैं। हालांकि वॉल पेपर की खूबी है कि इन पर अगर दाग या धब्बे लग जाते हैं तो उन्हें आसानी से रिमूव किया जा सकता है। अगर वॉल पेपर डैमेज हो जाते हैं तो इन्हें दोबारा फिक्स करवाया जा सकता है। हालांकि एक बार अगर वॉल पेपर घर की दीवारों पर लगा दिया जाता है और उसकी केयर की जाए तो यह कम से कम दस साल तक सही रहता है। वॉल पेपर में दीवारों के स्क्रेच या खुरदरेपन को छुपाया जा सकता है, जबकि पेंट में यह संभव नहीं होता। घर अगर बड़ा है और बड़ी दीवारों के लिए वॉल पेपर का इस्तेमाल किया जाता है तो इनमें आने वाले ज्वाइंट्स को अच्छी तरह से बनाना चाहिए। इनमें आने वाले क्रेक्स को भी ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है।



**वॉल पेंट की खासियत:** वॉल पेपर और पेंट की तुलना करने पर हम पाते हैं कि पेंटिंग में काफी समय लगता है, कई मजदूरों की जरूरत पड़ती है। बाद में घर की साफ-सफाई भी अच्छे से करनी पड़ती है। वॉल पेंट सीलन भरी दीवारों पर जल्दी खराब तो होता ही है, बच्चे या पेट्स इन पर दाग-धब्बे लगा देते हैं और थोड़े समय बाद दीवारों पर पेंट पुराने लगने लगते हैं। अगर उस जगह तेज धूप आती हो तो पेंट और भी जल्दी खराब हो सकता है। हालांकि इसके बावजूद वॉल पेंटिंग को अधिकांश लोगों द्वारा पसंद किया जाता है और इसे अधिक टिकाऊ माना जाता है।

**वॉल पेपर का बजट:** वॉल पेपर को लगाने के लिए किसी प्रोफेशनल की जरूरत होती है, जबकि पेंट करने का काम आप फैमिली मेंबर्स के साथ मिलकर स्वयं भी कर सकती हैं। पेंट जगह-जगह से उखड़ जाता है तो इसकी आप खुद रिपेयरिंग भी कर सकती हैं। जबकि वॉल पेपर पर खर्च ज्यादा आ सकता है।

**उपलब्ध हैं कई वैरायटीज:** वॉल पेंट हो या वॉल पेपर, दोनों में ही कई तरह के प्रयोग किए जा सकते हैं। वॉल पेपर में तो बहुत सारे डिजाइन और वैरायटीज आपको मिल जाएंगी, जो घर के इंटीरियर में पूरी तरह बदलाव ला देती हैं। वॉल पेपर के डिजाइन घर को ज्यादा स्पेशियस दिखाते हैं। उनको कस्टमाइज्ड कराया जा सकता है और इन्हें ऑर्डर पर भी लाया जा सकता है।

केयर
सरिता गुप्ता

# इस मौसम में ऐसे करें स्किन केयर

गर्मी के मौसम में स्किन का बहुत ध्यान रखना पड़ता है, नहीं तो तेज धूप की वजह से स्किन पर रैशेज, टैन, सनबर्न और एक्ने जैसी बहुत-सी प्रॉब्लम हो सकती हैं। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए हम आपको ऐसे स्टेप्स बता रहे हैं, जिन्हें आजमाकर आप अपनी स्किन को ग्लोइंग बनाए रख सकती हैं।

**फेस वॉश करें:** आप जब भी बाहर से घर लौटकर आएं तो सबसे पहले फेस वॉश जरूर करें। इससे आपके चेहरे पर जमा पसीना, धूल, प्रदूषण आदि सब साफ हो जाएगा। ऐसा करने से आप फ्रेश भी फील करेंगी। इसके साथ ही हफ्ते में एक बार स्क्रब भी कर सकती हैं।

**सनस्क्रीन:** वैसे तो सनस्क्रीन का यूज हर मौसम में करना चाहिए, लेकिन गर्मियों में तो घर से बाहर जाते समय एसपीएफ 30 वाली सनस्क्रीन का यूज जरूर करना चाहिए। यदि ज्यादा देर तक धूप में रहना हो, तो एसपीएफ 50 का यूज करें क्योंकि सूरज से निकलने वाली खतरनाक अल्ट्रावायलेट किरणें, हमारी त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाती हैं। सनस्क्रीन हमारी त्वचा को धूप के सीधे संपर्क में आने से भी बचाती है।



**एक्सफोलिएट:** स्किन को हफ्ते में एक बार एक्सफोलिएट जरूर करना चाहिए। इससे फेस बिल्कुल साफ नजर आता है। इसके लिए ऐसे स्क्रब का चयन करें, जो फेस की सूजन को कम करें और डीप क्लीन करे। यह स्किन के टेक्सचर को सुधारने के साथ-साथ झुर्रियों को भी दूर रखता है।

**नाइट केयर:** रात को सोते समय हमारी स्किन रिपेयरिंग का काम करती है। इसलिए रात को जब नाइट क्रीम का यूज करते हैं तो इससे स्किन रिंकल फ्री और ग्लो करने लगती है। इसके लिए आप ऐलोवेरा जैल का भी यूज कर सकती हैं। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं।

**केमिकल प्रोडक्ट्स:** जहां तक संभव हो स्किन केयर के लिए हमेशा बिना केमिकल वाले प्रोडक्ट्स का यूज करना चाहिए। केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से स्किन पर एक्ने और रिंकल जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इनकी जगह नेचुरल प्रोडक्ट्स यूज करें।

**होम रेमेडीज:** स्किन को हाइड्रेट करने और फ्रेशनेस बनाए रखने के लिए आप होममेड फेसपैक जैसे मुल्तानी मिट्टी, चंदन पावडर और गुलाब जल से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं। इनसे स्किन को कूलिंग इफेक्ट और फ्रेशनेस बनाए रखने में मदद मिलती है।

**मॉयश्चराइजर:** गर्मियों में अकसर लोग स्किन को मॉयश्चराइज करना अवॉयड करते हैं, जबकि यह स्किन केयर का जरूरी स्टेप होता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार गर्मी में लाइट या वॉटर बेस्ड मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे स्किन ऑयली और डल न लगे।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट सीमा शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

डाइट सजेशन
मुक्ता भावसार

गर्मी के मौसम में खुद को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है। इससे आप एनर्जेटिक फील करेंगी। हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसी डाइट के बारे में, जो आपको रखेंगे हाइड्रेटेड।

# गर्मी के मौसम में ऐसे रखें खुद को एनर्जेटिक-हाइड्रेटेड

गर्मी का मौसम अपने साथ लू, थकान और शरीर में पानी की कमी जैसी कई समस्याएं लेकर आता है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, वैसे-वैसे शरीर से पसीने के रूप में पानी और जरूरी मिनरल्स बाहर निकल जाते हैं। ऐसे में अगर शरीर को समय-समय पर हाइड्रेट न किया जाए, तो चक्कर आना, थकावट और डिहाइड्रेशन जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। गर्मियों में सही खान-पान और पर्याप्त पानी पीना न सिर्फ शरीर को ठंडक देता है, बल्कि ऊर्जावान भी बनाए रखता है। गर्मियों में थोड़ी-सी सावधानी और कुछ घरेलू उपाय अपनाकर आप न सिर्फ खुद को हाइड्रेटेड रख सकती हैं, बल्कि लू और थकान जैसी समस्याओं से भी बच सकती हैं।

**पर्याप्त पानी पिएं:** गर्मी में रोजाना कम से कम 8-10 गिलास पानी पीना जरूरी है। अगर पसीना ज्यादा आता है, तो मात्रा और बढ़ा दें। ठंडा पानी नहीं, बल्कि सामान्य तापमान या हल्का ठंडा पानी पीना ज्यादा फायदेमंद होता है। अगर सादा पानी पीने का मन न हो, तो उसमें नीबू, पुदीना, खीरा या तुलसी डालकर फ्लेवर्ड वाटर बनाएं। घर से निकलते समय एक गिलास पानी जरूर पीएं और पानी की बोतल साथ रखें।





**हाइड्रेटिंग फ्रूट्स:** तरबूज, खीरा, संतरा, अंगूर जैसे फलों में पानी भरपूर होता है। लौकी, तोरई जैसी सब्जियां और नारियल पानी शरीर को ठंडक और इलेक्ट्रोलाइट्स प्रदान करते हैं। गर्मी के मौसम में इनका भरपूर सेवन करें। इसके साथ ही, नीबू पानी, लस्सी, बेल शरबत, आम का पना, जलजीरा और सौंफ-गुलकंद का पानी शरीर को ठंडा और पाचन को दुरुस्त रखते हैं। लस्सी, छाछ,



पुदीना-तुलसी ड्रिंक, सत्तू का शरबत, पान-गुलाब शरबत जैसे पेय शरीर को ठंडा रखने के साथ-साथ एनर्जी भी देते हैं। गर्मी के मौसम में कोल्ड ड्रिंक्स और कैफीन का सेवन करने से बचें।

**मसालेदार खाने से करें परहेज:** अपने भोजन में सलाद, दही, ताजे फल, दालें और हरी सब्जियां जरूर शामिल करें। तले-भुने और मसालेदार खाने से परहेज करें। जंक और स्ट्रीट फूड का सेवन ना करें, क्योंकि यह पेट में गर्मी और एसिडिटी बढ़ा सकता है। बेहतर पाचन और शरीर में पानी की संतुलित मात्रा बनाए रखने के लिए हल्का, सुपाच्य और पौष्टिक भोजन ही लें।

**(आहार विशेषज्ञ पूनम विशाल ज्वेल से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### एमडीयू के कुल सचिव अभी भी प्रो. गुलशन

**रोहतक।** डॉ. कृष्णकांत ने गत छह फरवरी को महर्षि दयानंद विवि के कुल सचिव का कार्यभार ग्रहण किया था। लेकिन यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर 21 अप्रैल को भी प्रो. गुलशन तनेजा को रजिस्ट्रार दिखाया जा रहा है। विवि लगातार दावा करता है कि डिजिटल दुनिया में एमडीयू की देश में अलग ही पहचान हो स्थापित हो चुकी है। लेकिन हकीकत ये है कि यूनिवर्सिटी अपने अधिकारियों की जानकारी तक अपडेट नहीं कर रहा है। ऐसे में डिजिटललाइजेशन को लेकर कोई भी सहज ही अंदाजा लगा सकता है।

### पुलिस लाइन में योग अभ्यास करवाया

**रोहतक।** लिस लाइन में सोमवार को योग कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक अमित द्वारा योग अभ्यास कराया गया व योग के बारे में बताया गया कि योग को हमें अपने दैनिक दिनचर्या में अपनाना चाहिए। योग से हमें होने वाले फायदों के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया पुलिस विभाग के कर्मचारियों को सर्वाइकल, कमर दर्द, माइग्रेन, मानसिक तनाव जैसे विकारों के बारे में बताया। उन्हें ऐसे योग बताए जिससे यह बीमारियां दूर की जा सके।



### सिरतार खिलाड़ियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

**रोहतक।** सोमवार को स्पेशल ओलम्पिक भारत हरियाणा द्वारा अशोका यूनिवर्सिटी सोनीपत में यूनिफाईड स्पोर्टस इन्टर यूनिवर्सिटी कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें सिरतार संस्थान के आठ खिलाड़ियों ने फुटबाल और बोक्के खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। फुटबाल में सुमित, कुनाल, मनीष, कार्तिक व सागर व बोक्के में अजय, रोहित व अरूण ने भाग लिया तथा उनके कोच प्रदीप कुमार, विशेष शिक्षक ने उनका नेतृत्व किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के उपरान्त सिरतार के दिव्यांग खिलाड़ी सुमित, कुनाल, मनीष, व यूनिफाईड स्टूडेन्ट कार्तिक व सागर ने फुटबॉल में तृतीय स्थान प्राप्त करके कांस्य पदक हासिल किया। सभी दिव्यांग खिलाड़ियों के संस्थान में पहुंचने पर संस्थान के निदेशक डॉ. एडी. पासवान ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. मुकेश कुमार, विश्नजीत, अजमेर हुड्डा, मीना राणा, शालू, स्वीटी, ममता, ज्योति, अनुराधा, सुनील, चकलेश्वर, व संस्थान के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# पंचकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव पर श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा

## समाजसेवी राजेश जैन ने धर्म की ध्वजा फहरा कर शहर भ्रमण के लिए किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री दिंगबर जैन मंदिर सराय मौहल्ला रोहतक एवं सकल जैन समाज द्वारा आयोजित झज्जर रोड स्थित भगवान शांतिनाथ जैन मंदिर, जैन जतिजी में पंचकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव में आदिकुमार का जन्मोत्सव श्रद्धालुओं ने बड़े हर्ष व उल्लास के साथ मनाया। भगवान के जन्म की सूचना प्राप्त कर शोधर्म इंद्र ने नगरवासी लोगों में खुशियां मनाई, भक्ति नृत्य किया, दान दिया और बधाइयां दी। नितिन भैया ने बताया इस प्रकार का महाउत्सव 42 वर्ष बाद रोहतक में आयोजित हो रहा है।

जन्म महोत्सव के शुभ अवसर पर झज्जर रोड स्थित जैन जति जी से श्रद्धालुओं द्वारा शहर में विशाल शोभा यात्रा निकाली और अयोध्या नगरी में इन्द्रा के द्वारा रतनों की वर्षा की गई। मुनि प्रणम्यसागर महाराज, मुख्य संरक्षक विजय कुमार जैन, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, संस्था के प्रधान अतुल जैन, महामंत्री अजय जैन, चक्रेश जैन, राजेश जैन डीएलएफ, शलेश जैन, मनोज जैन, अनिल जैन, मनोज जैन, राजीव जैन एवं सभी श्रद्धालुओं ने धर्म की ध्वजा फहरा



**रोहतक।** शोभा यात्रा का ध्वजा फहरा कर शुभारंभ करते मुनि प्रणम्यसागर महाराज ,मुख्य संरक्षक विजय कुमार जैन, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन व संस्था के प्रधान अतुल जैन। फोटो : हरिभूमि



कर शोभा यात्रा को शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। शोभा यात्रा जैन जति जी से शुरू होकर अप्रोच रोड, रेलवे रोड, भिवानी स्टैंड, इन्दिरा मार्किट, केवल गंज, बाबरा मोहल्ला, बड़ा बाजार, दिल्ली गेट, गोहाना अड्डा से होती हुई वापिस झज्जर रोड पर स्थित भारत टेक कन्या स्कूल में पहुंची। जहां 1008 इन्द्रों के द्वारा पाण्डुकशिला पर श्रीजी का अभिशेषक किया गया। शोभायात्रा के बाद जैनजति जी में मंगल प्रवचन भी हुए, जिसमें मुनि श्री प्रमम्य सागर ने जन्मकल्याणक पर प्रकाश डाला।

### जगह जगह हुआ स्वागत

शहर में जगह जगह पर शोभा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। विभिन्न सुंदर झांकियां आकर्षक का केन्द्र रही। राजेश जैन ने कहा कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा समारोह सकल जैन समाज का प्रमुख पर्व है और यह पूरे विश्व में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। सात दिन तक आयोजित इस पर्व के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह पर्व इस बार मुनि प्रणम्य सागर सहसंघ के सानिध्य में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ब्रह्मचारी नितिन भैया, पंडित हरेन्द्र शास्त्री, पंडित सनक कुमार, पंडित विनोद कुमार, संस्था के प्रधान अतुल जैन, सचिव अजय जैन, चक्रेश जैन, अनिल जैन बैंक वाले, राजेश जैन डीएलएफ, मनोज जैन पंसारी, शलेष जैन, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, विकास जैन, अनुराग जैन, नीतिन लोहिया, गौतम जैन, मनोज जैन, सुनील जैन, अरूण जैन एडवोकेट, राजीव जैन, सुनील जैन, कुणाल जैन, सौरव, दयाचन्द जैन, अचिन जैन आदि मौजूद रहे।

# किसानों ने मंडी में अमेरिकी उप राष्ट्रपति का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारत के कृषि बाजार को अमेरिकी कृषि उत्पादों से लादने के उद्देश्य से भारत के चार दिवसीय दौरे पर आ रहे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के विरोध में सोमवार को किसान सभा ने शहर में विरोध स्वरूप उनके पुतले दहन किए।

कार्यक्रम में किसान सभा जिला प्रधान प्रीत सिंह ने बताया कि आज ट्रंप के दबाव में आकर भारत सरकार अमेरिका के साथ असमान कृषि व्यापार समझौते कर रही है। जिसका भारत के किसानों को बर्बाद करने वाला असर पड़ेगा । इसलिए देश के किसानों को अब केंद्र सरकार के खिलाफ लामबंद होना पड़ेगा। क्योंकि सरकार बिना दबाव के कुछ भी नहीं मानती है। सिंह ने कहा कि आज प्रदेश भर में किसान सभा के आह्वान पर विरोध कार्यवाहियां आयोजित की गई है रोहतक अनाज मंडी में सभा का आयोजन करने के उपरांत पुतला दहन किया गया। इसके साथ ही रिठाल,किलोई,खरावड़, खरक, सैमान आदि गावों में भी विरोध कार्रवाई की गई ।

डीसी कार्यालय के बाहर आयोजित सभा में किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि ट्रंप सरकार अपने हित में भारत देश के साथ अपनी टेरिफ नीतियों के माध्यम से द्विपक्षीय असमान कृषि समझौते करना चाहती है। उनके वाणिज्य सचिव कई दफा कह चुके है कि भारत सरकार को अपना कृषि बाजार खोलना चाहिए और इन द्विपक्षीय समझौते से कृषि को बाहर नहीं रखा जा सकता है । सिंह ने कहा कि इन समझौतों से अमेरिका के कृषि उत्पाद जिसमें खाद्यान्न,डेयरी उत्पाद सेब,सोयाबीन,मक्का आदि भारत में बहुतायत मात्रा में आएंगे। जिससे भारत के कृषि उत्पाद बाजार में रूक नहीं पाएंगे। किसान पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा।

महिला नेत्री जगमति सांगवान ने कहा कि इन टेरिफ से देश की खाद्य सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाएगी। इसलिए भारत सरकार को इन ट्ररिफ मुद्दों पर अमेरिका का पिछलग्गू बनने की बजाय देश के किसानों के पक्ष में खड़ा होना चाहिए। किसान सभा नेताओं ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा ने भी 21 से 23 अप्रैल के बीच में सभी जगह अमेरिकी उपराष्ट्रपति का विरोध जारी रखने का आह्वान किया है। सभा को किसान सभा महासचिव सुमित दलाल, खेमचंद,ओमप्रकाश कादयान,प्रेम घिलोडियां और शमशेर सिंह गिल ने संबोधित किया।

### बेसहारा गोवंश सेवा समिति गोशाला की 10वीं वर्षगांठ के मौके पर पहुंचे रिटायर्ड एडीजीपी श्रीकांत जाधव




**रोहतक।** बेसहारा गोवंश सेवा समिति गोशाला की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। यह गौशाला राजीव गांधी खेल परिसर के पास पुल के नीचे स्थापित की गई। समारोह में हरियाणा के रिटायर्ड एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने प्रमुख तौर पर शिरकत की। इसके अलावा नगर निगम के मेयर रामअवतार वाल्मीकि, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, विश्ववारा कन्या गुरुकुल रूड़की की संस्थापक पद्मश्री डॉ. सुकामा आचार्य, नगर निगम की वार्ड नंबर 8 की पार्षद अंजू सैनी, वार्ड नंबर 13 की पार्षद कृष्णा और प्रवेंद्र दहिया मौजूद रहे। गौरतलब है कि श्रीकांत जाधव जब रोहतक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक थे, तब उन्होंने सड़कों पर घूम रही बेसहारा गायों को गौशाला भेजने के लिए अभियान चलाया था। मिशन स्ट्रे कैटल के तहत इन गायों को पुलिस की ओर से गौशालाओं में भेजा गया था। यह गौशाला भी उसी दौरान स्थापित की गई थी। समारोह के दौरान श्रीकांत जाधव ने कहा कि गौ सेवा से ही मानव का कल्याण संभव है। भारत में प्राचीनकाल से ही गौसेवा का चलन है। भारत में गाय को रोजाना रोटी देने का चलन है और गौमाता के नाम से पुकारा जाता है। उन्होंने कहा कि सांसारिक जीवन में अगर सबसे बड़ी सेवा है तो गाय की सेवा है। उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर गोवर्धन पूजा के दिन भी गायों की ही पूजा की जाती है। अतीत काल में गौवंश अर्थव्यवस्था का बहुत ही कारगर साधन रहा है और आज भी है। बेसहारा गोवंश सेवा समिति की महासचिव पुष्पा राणा ने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को गौ माता के रूप में पूजनीय माना जाता है। गाय की सेवा करने से कई लाभ मिलते हैं। गाय को माता मानकर सेवा करना न केवल धर्म, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा भी है।



# ईस्टर के अवसर पर किया प्रार्थना सभा का आयोजन

- आध्यात्मिक गीतों ने सभी के हृदय को छू लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ईस्टर के शुभ अवसर पर रोहतक स्थित सेक्टर में एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन के निवास पर एक भव्य प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रोहतक के प्रतिष्ठित आल सेंट्स चर्च से पधारे पादरी एरिक डेनियल्स एवं उनकी टीम ने भाग लिया। पादरी डेनियल्स और उनकी टीम ने इस पवित्र पर्व के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए यीशु मसीह के बलिदान एवं पुनरुत्थान के दिव्य संदेश को प्रभावशाली रूप से साझा किया। सभा का वातावरण भक्ति, संगीत और श्रद्धा से परिपूर्ण था, जहां चर्च टीम द्वारा प्रस्तुत किए गए आध्यात्मिक गीतों ने सभी के हृदय को छू लिया। इस मौके पर राजेश जैन ने कहा कि ईस्टर केवल एक 'धार्मिक उत्सव नहीं है, यह जीवन में नई आशा, आत्मिक जागृति और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। हमें यीशु मसीह के मार्गदर्शन को आत्मसात करते हुए प्रेम, सेवा व करुणा का संचार करना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उमा शर्मा, संध्या जैन, यशिका जैन, स्वातिका, शिवन्या, रुद्रांश जैन, राजीव जैन सुशील मसीह, प्रेम मसीह, सुनीता मसीह, आकांक्षा, सन्नी निझावन सहित अन्य मौजूद रहे।

# एचडी पब्लिक स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम

- विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र फोगाट तथा प्राचार्य दुलाल देब ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया
- ललित ने शिक्षण में व्यावहारिक दृष्टिकोण पर बल दिया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बहु अकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम शैक्षणिक पद्धतियों और शिक्षण कौशल से अवगत कराना था, जिससे वे विद्यार्थियों को और अधिक प्रभावी रूप से शिक्षित कर सकें। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की स्वागतिका टीम द्वारा सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों और प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत करते हुए की गई। विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र फोगाट तथा प्राचार्य दुलाल देब ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर दो प्रमुख और अनुभवी संसाधित व्यक्ति, ललित और मीनू ताहिलयानी उपस्थित रहे। ललित ने शिक्षण में व्यावहारिक दृष्टिकोण पर बल दिया जबकि मीनू ताहिलयानी ने प्रभावी शिक्षण तकनीकों और बाल मनोविज्ञान पर आधारित प्रशिक्षण दिया। दोनों विशेषज्ञों ने अपने गहन अनुभव और ज्ञान से शिक्षकों को समृद्ध किया। इस प्रशिक्षण सत्र में एचडी पब्लिक स्कूल के शिक्षकों के साथ-साथ आस-पास के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण भी शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे एक ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक अनुभव बताया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### 800 से ज्यादा प्रतिभागी ले रहे हैं भाग

# पीजीआईएमएस में वर्कशाप 27 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के मल्टीडिसीप्लेनरी रिसर्च यूनिट के नोडल अधिकारी डॉ. संजय कुमार द्वारा साइंस टेक इंस्टीट्यूट के सहयोग से 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक ऑनलाइन माध्यम से मेटा-विश्लेषण और प्रतिगमन विश्लेषण के साथ व्यवस्थित समीक्षा पर सात दिवसीय वर्कशाप का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ आज निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल करेंगे। इस वर्कशाप का आयोजन कुलपति डॉ एचके अग्रवाल के मार्गदर्शन से निदेशक डॉ एसके सिंघल की अध्यक्षता में किया जा रहा है।

- वर्कशाप का आयोजन कुलपति डॉ एचके अग्रवाल के मार्गदर्शन से निदेशक डॉ एसके सिंघल की अध्यक्षता में किया जा रहा है।

**हैंडस ऑन ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी और व्याख्यान के बाद परिचर्चा की जाएगी:** वर्कशाप के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए डॉ. संजय कुमार ने बताया कि इस ऑनलाइन वर्कशाप के लिए पूरे देश से ऑनलाइन माध्यम से 800 से ज्यादा प्रतिभागी इस वर्कशाप में हिस्सा लेंगे। इसमें जेएनयू, एम्स, एसजीपीजीआइएमएस, रिम्स और आईएएसआरआई से साइंटिस्ट व्याख्यान देंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्हें इसके एचएमसी से 10 क्रेडिट घंटे भी मिले हैं। डॉ. संजय ने बताया कि सोमवार को औपचारिक रूप से इस वर्कशाप का शुभारंभ होगा। उन्होंने बताया कि आज व्यवस्थित समीक्षाओं और मेटा-विश्लेषणों का अवलोकन, शोध में उनका महत्व और इसमें शामिल बुनियादी कदम। शोध प्रश्न तैयार करना एक स्पष्ट, उत्तर देने योग्य शोध प्रश्न कैसे तैयार करें विषय पर चर्चा की जाएगी। डॉ. संजय कुमार ने बताया कि इस में कार्यशाला सभी



संस्थानों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के मेडिकल और नर्सिंग संकायों, पीजी, एसआर हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेटा-विश्लेषण और प्रतिगमन विश्लेषण के साथ व्यवस्थित समीक्षा साक्ष्य संश्लेषण की विधि है जो समान शोध विषयों पर किए गए विभिन्न अध्ययनों से डेटा को संयोजित और विश्लेषण करके परिणाम प्रस्तुत करती है। कोर्स कोआर्डिनेटर साइंस स्टॉक इंस्टिट्यूट के डॉक्टर स्क सिंह ने बताया कि इन विधियों को उच्चतम गुणवत्ता वाले शोध का उत्पादन करने के लिए माना जाता है और हाल ही में विभिन्न क्षेत्र विशेषज्ञों द्वारा किए जा रहे व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-विश्लेषण की संख्या में वृद्धि हुई है। डॉ. संजय कुमार ने बताया कि शोध की यह विधि उस युग में बेहद उपयोगी है जहाँ हर साल भारी मात्रा में शोध किए जाते हैं, अक्सर परस्पर विरोधी निष्कर्षों के साथ। यह कार्यशाला व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-विश्लेषण के सभी पहलुओं को कवर करेगी और प्रतिभागियों को सॉफ्टवेयर और विषय के व्यावहारिक पहलू के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगी। पाठ्यक्रम स्वास्थ्य में मेटा-विश्लेषण और प्रतिगमन विश्लेषण के साथ व्यवस्थित समीक्षा की मौलिक अवधारणाओं की व्याख्या करेगा।

### आज पुस्तकों तक सीमित नहीं रहा जा सकता, इससे आगे बढ़ कर कुछ अलग करने की जरूरत:प्रो. अर्जुन

**रोहतक।** वैश्य तकनीकी संस्थान में विश्व रचनात्मक एवं नवाचार दिवस पर एक व्याखान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मंच संचालन अनुपमा अग्रवाल ने किया। इस विषय पर व्याखान वैश्य इंजीनयरिंग कॉलेज के सहायक प्रोफेसर अर्जुन गुप्ता ने दिया। उन्होनें छात्रों को बदलते समय में मानव की बदलती हुई जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्वयं को अपडेट रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होनें कहा आज पुस्तकों तक सीमित नहीं रहा जा सकता, हमें इस से आगे बढ़ कर कुछ अलग करने की जरूरत है। इस अवसर पर तृतीय वर्ष के छात्रों ने रचनात्मक एवं नवाचार दृष्टिकोण पर आधारित परियोजनाओं की प्रदर्शन प्रतियोगिता में भाग लिया। निर्णायक मंडल में अर्जुन गुप्ता एवं अनिल अग्रवाल रहे। प्राचार्य संजीव गुप्ता ने मुख्य अतिथि अर्जुन गुप्ता का आभार जताया। यहां लिओ नादो दा विंसी जोकि एक विश्व विख्यात चित्रकार थे।

N.I.C. College of Education
Assan (Rohtak)
Staff Required For D.EL.Ed Lect.
Lect.: Science, Maths, English, S.St, (M.A, M.Sc & M.Ed With 55%)
Fine Art, Music, Dance (PG)
Walk for interview in working day
Time. 9.30am to 1.00pm
Submit Your Bio-Data Within two days & You may send your Bio-Data on Whatsapp
Contact at 9991818487, 9813894150, 9813844250

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
• एचआर हेड (महिला)
• फील्ड ऑफिसर
• टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra Rohtak.com



WE... THE BEST CREATION OF ALMIGHTY CREATOR SERVING HUMANITY FOR THEIR WELL BEING
RELATIONSHIP MANAGEMENT
Wish you speedy Recovery
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ PRO 5
❖ NURSING STAFF 4
❖ ICU STAFF 10
❖ MALE NURSING STAFF 5
❖ HOUSE KEEPING 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
▸All Vaish School ▸Vedanta School ▸Shiksha Bharti ▸Scholar Rosary ▸St. Pall School ▸ZAD Global School ▸Model School ▸Shivalik School ▸DAV School ▸MRGS School ▸Baba Mast Nath School ▸GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak | Ph.: 01262-258299

## विद्यार्थियों को योग के फायदे बताए



**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में सोमवार को एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि ने की। इस दौरान पीजीआईएमएस से आए योग विशेषज्ञ पवन ने छात्राओं को कॉर्पोरेट सेक्टर में योग के प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विभिन्न कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों को सीमित समय में योगाभ्यास करवा कर शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखा जा सकता है। पवन ने कुर्सी पर बैठकर किए जा सकने वाले कई प्रकार के योग अभ्यासों का प्रदर्शन भी किया, जिनसे सर्वाइकल, कमर दर्द, हाथों में दर्द और गैस जैसी सामान्य समस्याओं से राहत मिल सकती है।

# निदेशक डॉ. सिंघल ने कार्डियक सर्जरी विभाग का किया निरीक्षण

- स्टाफ सदस्यों को समय का पाबंद रहने के सख्त निर्देश दिए
- कर्मचारी अपने कार्य का अच्छे से निर्वाह करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने सोमवार सुबह लाल श्याम लाल विभाग स्थित कार्डियक सर्जरी विभाग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों और स्टाफ सदस्यों को समय का पाबंद रहने के सख्त निर्देश दिए।



**रोहतक।** लाल श्याम लाल विभाग स्थित कार्डियक सर्जरी विभाग का औचक निरीक्षण करते निदेशक डॉ. एसके सिंघल ।

### उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं देना प्राथमिकता

गौरतलब है कि सोमवार सुबह सवा आठ बजे निदेशक डॉ. एसके सिंघल अचानक कार्डियक सर्जरी विभाग व कार्डियक एनेस्थीसिया विभाग के निरीक्षण पर पहुंच गए। डॉक्टर सिंघल ने कार्डियक सर्जरी विभाग व कार्डियक एनेस्थीसिया विभाग की परिस्थितियों व व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना अस्पताल की प्राथमिकता होनी चाहिए। निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने सभी कर्मचारियों को सख्त आदेश दिए कि वे अस्पताल के अंदर अपने निर्धारित वर्दी में नजर आएं और अपने कार्य का अच्छे से निर्वाह करें। इससे अस्पताल की व्यवस्था और भी सुधरेगी और मरीजों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। डॉ.एसके सिंघल ने कहा कि समय की अनुपालना करना ड्यूटी का अहम हिस्सा होता है। ऐसे में हमें समय का पाबंद होना चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि ड्यूटी के समय से पांच मिनट पहले अपनी ड्यूटी पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हम समय पर अपनी ड्यूटी पर आते हैं तो उससे हमारे जूनियर स्टाफ भी समय पर ड्यूटी पर आएगा।

### अपने कार्य के प्रति रहे संवेदनशील

*असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. महेश माहला ने बताया कि निदेशक डॉक्टर एसके सिंघल के निर्देशों का उद्देश्य मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना, अच्छे से कार्यों को निर्वाह करवाते हुए अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार करना है। अस्पताल के सभी कर्मचारियों को अपने कार्य के प्रति जिम्मेदार और संवेदनशील रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जेई आशीष, डीएनएस सुदेश, हन्नी प्रभा आदि उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप

### ऑल इंडिया बास्केटबॉल खेलों का समापन



**रोहतक।** शिवकुमार मेमोरियल खेल स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय ऑल इंडिया बास्केटबॉल खेलों का समापन हो गया। इस मौके पर समाजसेवी जगमाल नरवाल ने विजेता टीमों को नगद पुरस्कार राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने पहला ईनाम यूपी पुलिस को ट्राफी तथा 100000 नगद इनाम राशि के रूप में भेंट की और पुलिस को भविष्य में भी ऐसे ही खेलते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। दूसरा ईनाम बीएससी आर्मी की टीम को शील्ड तथा 71000 नगद देकर सम्मानित किया गया।

### गेहूं के अवशेष जलाने पर लगाया प्रतिबंध

**रोहतक।** जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने पर्यावरण को संरक्षित करने के दृष्टिगत किसानों द्वारा गेहूं की फसल के उपरांत बचे अवशेषों को जलाने पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि जनहित के दृष्टिगत गेहूं फसल की कटाई के उपरांत खेत में शेष अवशेषों को जलाने पर तुरंत प्रतिबंध लगाना अनिवार्य है। गेहूं फसल अवशेष जलाने से वातावरण में अनेक जहरीली गैसे बढ़ जाती है।

## मौसम बदला तो अनाज होगा खराब, दिन प्रतिदिन मंडियों में बढ़ रही आवक

**गेहूं की सबसे कम लिफ्टिंग सांपला में**

# हाथ पर हाथ धरे बैठा प्रशासन खरीद का मात्र 38 प्रतिशत उठान

- अब तक 162263 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई
- सांपला मंडी में उठान का प्रतिशत मात्र 19 .06

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

बीती एक अप्रैल से रोहतक, महम, सांपला, कलानौर, काहनौर, कलानौर साइलो, किलोई, लाखनमाजरा, मदीना और सांघी अनाज मंडी से सरकारी की हैफेड, एचडीसी, एफसीआई, खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक गेहूं की खरीद कर रहा है। अभी तक 162263 मीट्रिक टन खरीदारी की जा चुकी है। लेकिन खरीद एजेंसियों ने अभी तक 60566 मीट्रिक टन गेहूं की उठान करवा पाई हैं। अगर मौसम बदल जाता है तो फिर से खुले में पड़ा 101697 मीट्रिक टन भीगेगा ही। ध्यान ये भी रहे कि ये 162263 मीट्रिक टन गेहूं अब सरकार का हो चुका है। देर रात तक मिली अधिकारिक जानकारी के मुताबिक जिले की दस मंडियों में कुल खरीद का 37.33 प्रतिशत ही उठान हो पाया था। सबसे कम उठान सांपला मंडी का 19.06 प्रतिशत और 55 फीसदी लिफ्टिंग करवाकर कलानौर मंडी टॉप में थी। इसी प्रकार काहनौर मंडी से 50, किलोई से 42.62, लाखनमाजरा से 35.90,मदीना से 53.54,रोहतक से 38.39 और सांघी खरीद केंद्र से 44.56 फीसदी गेहूं का उठान अभी तक हो पाया है। ध्यान रहे कि मौसम गेहूं के अनुकूल रहने की वजह से इस बार सरकार ने रोहतक जिले से तकरीबन सवा तीन लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा है। पिछले साल 2 लाख 95 हजार मीट्रिक टन की खरीदा गया था।



### आवक अभी और बढ़ेगी

एजेंसियां उठान को लेकर कतई भी संवेदनशील दिखाई नहीं दे रही हैं। लगातार मौसम साफ रहने की वजह से दिन-प्रतिदिन मंडियों में आवक बढ़ रही है। जबकि उठान की गति काफी धीमी है। जिसकी वजह से मंडियों में फसल डालने की जगह ही शेष नहीं है। हालात ये है कि किसानों ने अपनी सालभर की मेहनत कहीं स्कूल में तो खुले में रोड पर डालनी पड़ी है। प्रशासन उठान को लेकर हाथ पर हाथ रखे बैठा है। चूंकि मौसम अगले चार पांच दिन तक साफ रहने की पूरी उम्मीद है। ऐसे में गेहूं की आवक में भी इस दौरान तेज आएगी। कृषि विभाग के अधिकारिकों का कहना है कि अगले दस दिन में फसल कटाई का कार्य पूरा हो जाएगा। 60-65 प्रतिशत गेहूं की कटाई पूरी होने का दावा विभाग कर रहा है। क्षेत्र में सोमवार को लू चली। जोकि फसल की पकाई के लिए माकूल होती है। राजस्थान की ओर से चल रही हवाओं ने फसल में नमी की मात्रा को पूरी तरह से सरकारी मानदंडों के मुताबिक कर दिया है। अब किसानों को अधिकारी/कर्मचारियो से ये नहीं सुनना पड़ता कि फसल को सूखाकर मंडियों में लाएं।

### गफलत न पड़ जाए भारी

*उठान को लेकर एजेंसियों की गफलत सरकार पर भारी पड़ेगी। अगर बरसात तो हो जाती है तो अकेले रोहतक जिले में एक लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं भीग जाएगा। क्योंकि मंडियों में इतनी बड़ी मात्रा में खुले में पड़े गेहूं को बारिश से बचाने के लिए इंतजाम नहीं हैं। मंडियों में जरूरत के मुताबिक शेड नहीं हैं। और आढ़रतियों के पास तिरपाल भी नहीं है। गेहूं की खरीद एजेंसी द्वारा करने के बाद उसके रखरखाव की जिम्मेदारी एजेंसी की खुद की होती है। खरीद से पहले अनाज फड़ पर पड़ने के बाद आढ़तियों ने फसल को खराब होने से बचाना होता है। खरीद सीजन प्रारंभ होने के बाद अभी तक दो बार बारिश हो चुकी है। और दोनों ही बार गेहूं भीगा और किसान बेबस नजर आया।*

### एजेंसियों को लगातार दिए जा रहे आदेश

खरीद एजेंसियों को लगातार आदेश दिए जा रहे हैं कि वे उठान के कार्य में तेजी लाएं। क्योंकि मौसम अब साफ है। और किसानों के पास गेहूं कटाई के साधन भी खूब हैं। मंडियों में आवक बीते एक सप्ताह से हर रोज बढ़ रही है।

**-वरिंद्र सिंह,** जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक

## सीवरेज लाइन दबाने के नाम पर खोदी कन्हेली मार्ग की सड़क का होगा निर्माण

*एक करोड 34 लाख से पीडब्ल्यूडी करेगा कार्य*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पिछले दो साल पहले कन्हेली मार्ग पर सीवरेज पाइप लाइन दबाने के नाम पर खोदी गई सड़क का जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा सीवरेज पाइपलाइन दबाने के नाम पर इस सड़क को खोदा गया था। लेकिन विभाग द्वारा पाइपलाइन दबाकर इसे कच्चा ही छोड़ दिया गया। यहां के लोगों ने बार बार शिकायत भी की लेकिन आमजन की सुनवाई ही नहीं हो पा रही थी। यहीं नहीं जिला परिवेदना समिति की बैठक में भी सड़क बनाने का मुद्दा उठाया गया। उसके छह माह बाद तक भी कोई समाधान नहीं किया जा रहा था। लेकिन अब एक करोड 34 लाख रुपये की लागत से इस सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग करेगा।



कन्हेली रोड निवासी धर्मबीर, जसबीर कुमार, आकाश और समाजसेवी जसबीर सिंह ने कहा कि अगर सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है तो यह बहुत अच्छी बात है। क्योंकि पिछले कुछ दिनों से लोगों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रहा है।

### लोगों से बातचीत

**पाइप लाइन दबाए हुआ एक साल**

यहां पर पाइप लाइन दबाए एक साल हो गया है। लेकिन, अभी तक सड़क को ठीक नहीं किया गया है। काफी समय से परेशानी हो रही है। ग्राहक आते हैं, तो उन्हें आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। लेकिन अब जल्द निर्माण से राहत मिलेगी। -आकाश, दुकानदार।

**रोजाना लोग हो रहे घायल**

दो साल पहले काम हुआ था। यहां से स्कूल बस भी गुजरती है। रोजाना दो से तीन दुपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल हो रहे हैं। ग्राहक नहीं आ पाते हैं। दो से तीन दिन तक बरसात का पानी भरा रहता हैं। -संजय कुमार,

**धूल-मिट्टी जमने से काम होता खराब**

दुकान में धूल-मिट्टी जम जाती है। सारा सामान खराब हो रहा है। बरसात का पानी भर जाता है। बहुत बार तो दुकान में ही पानी घुस गया है। काफी ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सभी को शिकायत कर चुके हैं। -जसबीर सिंह समाजसेवी



## गवर्नमेंट स्कूल के विद्यार्थियों को सिखाया योग

**महम।** आयुष विभाग और हरियाणा योग आयोग द्वारा जिलेभर में 6 दिवसीय योग शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महम के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भी योग शिविर लगाया गया है। शिविर के तीसरे दिन आयुष विभाग के योग टीचर विकास सिवाच, सुखबीर, अमित व योग प्रशिक्षक भतेरी, सुदेश व प्रोमिला देवी ने स्कूली बच्चों को योग का अभ्यास करवाया। साथ ही बताया कि इस रोग में यह योग अभ्यास कारगर है। या यह योग करने से अमुक प्रकार के रोगों से शरीर बचा रहता है। योग प्रशिक्षकों ने बच्चों शुद्ध आहार के बारे में भी विस्तार से बताया। बच्चों को विटामिनों के स्रोत बताए और बताया कि क्या खाने से प्राटीन व आयरन प्राप्त किए जा सकते हैं। विकास सिवाच ने बताया कि जिले मे योग शिविर दिव्यांग जनों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा वृद्ध व्यक्तियों के स्वास्थ को लेकर विभिन्न स्थानों पर चल रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

## शेयर मार्केट के नाम पर 95 हजार की ठगी

**महम।** महम थाना क्षेत्र के गांव फरमाणा में एक महिला के साथ शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने के नाम पर 95 हजार रुपए की ऑन लाइन ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में सीमा पत्नी रितुराज ने बताया कि वह फरमाणा खास गांव की रहने वाली है और शिक्षा विभाग में कार्यरत है। उसका झज्जर जिले के डीघल गांव स्थित पीएनबी शाखा में खाता है और दूसरा खाता रोहतक की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा में है। वह फेसबुक चला रही थी। इसी दौरान उसने शेयर मार्केट से संबंधित विज्ञापन देखा। उसने उसको ज्वाइन कर लिया। उसके बाद उसके व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर मैसेज आया। उन्होंने उससे उसका नाम, आयु, बैंक खाता डिटेल आदि मांगे गए। उसने उनको मांगी गई जानकारी भेज दी। उन्होंने उसको मुनाफे का लालच देकर उसके साथ ठगी कर ली। उने झांसे में आकर उसने अपने दोनों बैंक खातों से उनको 95 हजार रुपये डाल दिए।



## गांव सांघी में लगाया नि:शुल्क जांच शिविर

**रोहतक।** मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर गांव सांघी में फ्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने आकर अपने जोड़ों के दर्द की जांच करवाई। जिसमें से काफी सारे लोगों का मौके पर ही इलाज किया गया। जिसके बाद उन्हें आराम महसूस हुआ। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि इस कैंप का आयोजन हर सप्ताह सांघी गांव के बस अड्डे के नजदीक किया जाता है। जिसके अंदर कोई भी व्यक्ति आकर अपने जोड़ों के दर्द की फ्री में जांच करवा सकता है। संस्था के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि इस निशुल्क कैंप का आयोजन जिले के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी राजेश जैन की तरफ से किया जा रहा है। जिसका संचालन मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से किया जाता है। राजेश जैन हमेशा लोगों की मदद से तत्पर रहते हैं। इस मौके पर जसबीर, रितू, ओमप्रकाश, सुरेन्द्र, परमजीत, शीला आदि मौजूद रहे।

# संपत्तिकर पर 31 जुलाई तक 10 प्रतिशत छूट

*संयुक्त आयुक्त ने नागरिक सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर सुनीं समस्याएं*

- संपत्तिकर जमा करवाकर संपति मालिक ले सकते है लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

वर्तमान वित्तवर्ष (2025-2026) के सम्पत्तिकर पर सरकार द्वारा 31 जुलाई 2025 तक 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसलिए समय पर अपना सम्पत्तिकर जमा करवाकर संपति मालिक इस छूट का लाभ ले सकते है। सोमवार दोपहर बाद नगर निगम के नागरिक सुविधा केन्द्र में बने सभी काउंटर का संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया है। वहां पर उपस्थित व्यक्तियो की समस्याओ को सुनकर संबंधित कर्मचारियो को आवश्यक निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि आमजन का कार्य समय पर किया जाए। आमजन की समस्याएं को गौर से सुना जाए तथा उनको हल करने के हर संभव प्रयास किए जाए। सम्पत्तिकर से संबंधित आवेदनों पर समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए अन्यथा बिना किसी कारण के देरी करने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होगा। नगर निगम का कार्य आमजन को समय पर सेवाएं उपलब्ध करवाना है, इसलिए आमजन के कार्य को गंभीरता से लेते हुए उसका नियमानुसार समय पर समाधान करना सुनिश्चित करे। आमजन से अपील है कि सम्पत्ति की सूचना स्वत प्रमाणित अवश्य करें ऐसा करने से सम्पत्ति मालिक के अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्ति आपकी प्रोपर्टी आई.डी. पर अपना आवेदन नहीं कर सकता और न ही प्रोपर्टी आई.डी के सम्बंध में सूचना प्राप्त कर सकता है। इस प्रक्रिया के पश्चात अन्य कोई आपकी प्रोपर्टी आई.डी. का नो ड्यूज सर्टिफिकेट नहीं निकाल सकता है।



मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**आदेश** — वर्ष 2025-26 जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन

# लम्बित विकास कार्यों को जल्द पूरा करें अधिकारी: कृष्ण पंवार

- विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विकास एवं पंचायत तथा भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में वर्ष 2025-26 की जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। विकास एवं पंचायत मंत्री ने स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सबसे पहले अधूरे कार्यों को पूरा करवाया जाए तथा इसके साथ आंगनवाड़ी, स्कूल, अस्पताल आदि से संबंधित सामान्य एवं अनुसूचित वर्ग को ध्यान में रखते हुए जरूरी कार्य करवाएं जाए।



**रोहतक।** जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित बैठक लेते विकास एवं पंचायत तथा भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

विकास एवं पंचायत मंत्री ने स्थानीय विधायक भारत भूषण बत्तरा की मांग पर महापौर से कहा कि वे अंबेडकर चौक तथा डी-पार्क का प्राथमिकता के आधार पर सौन्दर्यकरण करवाए। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने जिला प्रशासन की ओर से सभी सदस्यों का अभिवादन किया तथा जिला विकास योजना बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए जिला योजना के तहत 16 करोड़ 74 लाख रुपए सरकार द्वारा प्रदान किए गए हैं। इनमें से लगभग 3 करोड़ 17 लाख रुपए के कार्य प्रगतिशील कार्यों के लिए खर्च किए जाएंगे एवं 13.57 करोड़ रुपये के नए कार्य मंजूर किए जाएंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने जिला योजना की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि जिला योजना 2024-25 के तहत 16 करोड़ 74 लाख रुपए का बजट प्रदान किया गया था, जिसमें से वित्त वर्ष के दौरान 11 करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 के दौरान 297 कार्य संबंधित क्रियान्वयन एजेंसियों को दिए गए थे, जिनमें से 261 कार्य पूर्ण कर लिए गए है, 23 कार्य जारी है तथा 13 कार्य अभी शुरू नहीं करवाए जा चुके है।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर स्थानीय विधायक भारत भूषण बत्तरा, कलानौर की विधायक शकुंतला खटक, महापौर रामअवतार वाल्मीकि, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, उपमंडलाधीश उत्सव आनंद एवं दलबीर फोगाट, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला योजना अधिकारी भागीरथ कौशिक, सहायक योजना अधिकारी नीरु शर्मा, दीपक हुड्डा, अनीता बुधवार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।*